# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद् की दिनांक 31/03/2021 को सम्पन्न 13वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 2. | **प्रो0 योगेश सिंह,**<br>कुलपति<br>दिल्ली टेक्नोलॉजिकल युनिवर्सिटी (डी0टी0यू0)<br>दिल्ली – 110042<br>(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 योगेश जोशी**<br>अधिष्ठाता, इण्टरनेशनल रिलेशन<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 राजीव त्रिपाठी**<br>निदेशक, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **श्री दिनेश अग्रवाल**<br>फाउण्डर एण्ड सी0ई0ओ0 आफ इण्डिया मार्ट, इण्डिया मार्ट इंटरमेस लिमिटेड, 7वॉ तल, एडरंत–नविस बिजनेस पार्क, प्लाट नं0–7, सेक्सन–142, नोएडा।(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **श्री प्रदीप मिश्रा**<br>सी0एम0डी0, रूद्राभिषेक इंटरप्राइजेज प्रा0 लि0, ग्राउण्ड फ्लोर, युवा भवन, वाईएमसीए काम्प्लेक्स, 13 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **श्री कृपा शंकर सिंह**<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन<br>लखनऊ। (प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **श्री अजय जौहरी,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | **डा0 रिपुदमन सिंह**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | **श्री राजेश सिंह,**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 11. | **डा0 नीरज कुमार सिंह,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सचिव<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |



Scanned with CamScanner

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 विनय कुमार पाठक**<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 2. | **प्रो0 मणीन्द्र अग्रवाल**<br>उपनिदेशक, आई0आई0टी0 कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकविद) | सदस्य |
| 3. | निदेशक,<br>आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 4. | **श्री अनिल कुमार**<br>समन्वयक, एस0पी0एफ0यू0 लखनऊ। | सदस्य |

कोविड–19 के कारण वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से हो रही परिषद् बैठक में उपस्थित सदस्यों का कार्य परिषद् के सचिव द्वारा स्वागत किया गया और अध्यक्ष, कार्य परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**13.01: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 15/01/2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 15/01/2021 को सम्पन्न कार्य परिषद् की 12वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।

**13.02: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 15/01/2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने दिनांक 15/01/2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही पर सन्तोष व्यक्त किया।

**13.03: विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 23.03.2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय वित्त समिति की दिनांक 23/03/2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**13.04 डा0 मनोज कुमार शुक्ला, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग द्वारा राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज के निदेशक पद पर कार्यभार ग्रहण करने सम्बन्धी सूचना से परिषद को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् डा0 मनोज कुमार शुक्ला, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग के निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज के पद हुयी नियुक्ति से संज्ञानित हुयी एवं प्रो0 शुक्ला को सेवा स्थानान्तरण पर कार्य करने की अनुमति के साथ–साथ धारणाधिकार सहित कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 05 वर्ष हेतु वेतन रहित अवकाश पर स्वीकृत प्रदान की। डा0 शुक्ला द्वारा अपनी कटौतियॉ नियमानुसार विश्वविद्यालय को प्रेषित की जायेंगी।



Scanned with CamScanner

**13.05 विश्वविद्यालय में संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित) एवं रूसा (RUSA) परियोजना की प्रगति आख्या के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (डा0ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा पोषित) एवं रूसा (RUSA) परियोजना की प्रस्तुत प्रगति आख्या पर संतोष व्यक्त किया।

**13.06 विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना टेक्युप–III के सुचारू संचालन हेतु कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा समय–समय पर लिए गए निर्णयों को परिषद के संज्ञानार्थ एवं कार्येत्तर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित भारत सरकार की विश्व बैंक सहायतित परियोजना TEQIP-III की आवश्यकता अनुसार समय–समय पर कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद द्वारा लिए गए निर्णयों से संज्ञानित होते हुये कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया एवं TEQIP-III गाइड लाइन के अनुसार निर्धारित समयावधि में कार्यवाही पूर्ण किये जाने के निर्देश प्रदान किये।

**13.07 विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति उपरान्त सत्रांत लाभ पुर्ननियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति उपरान्त सत्रांत लाभ पुर्ननियुक्ति आदेश से संज्ञानित होते हुए उक्त पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

**13.08 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**13.08.01 कानपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कास्टिंग यार्ड निर्माण हेतु 06 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में आस्थाई रूप से किराया आधार पर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय कार्य परिषद की दिनांक 28.09.2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक में मद सं0 11.07 के अंतर्गत प्रस्तुत प्रस्ताव पर पारित निर्णय के क्रम में शासन से प्राप्त पत्र दिनांक 22.03.2021 में दिये गये निर्देश पर परिषद ने प्रस्तुत प्रस्ताव पर पुर्नविचार कर निम्नलिखित अपेक्षाओं के साथ अनुमोदन प्रदान किया:–

1. कानपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के अंतर्गत उ0प्र0 मेट्रो रेल कार्पोरेशन को कास्टिंग यार्ड निर्माण हेतु विश्वविद्यालय के पश्चिमी परिसर में अस्थाई रुप से 06 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित किराये के आधार पर उपलब्ध कराने की कार्यवाही शासन से अनुमोदन के उपरान्त ही की जायेगी।
2. कास्टिंग यार्ड निर्माण के लिये आवश्यक सभी प्रकार की अनापत्तियॉ सम्बन्धित मेट्रो प्रशासन द्वारा प्राप्त करने के उपरान्त ही अस्थाई निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाय।



Scanned with CamScanner

3. कानपुर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के अंतर्गत उ0प्र0 मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा किसी भी प्रकार का स्थाई निर्माण कार्य नहीं कराया जायेगा।
4. समस्त अस्थाई निर्माण को भूमि खाली करते समय भूमि का समतलीकरण कराना, टैंक का ध्वस्तीकरण कराना, मलवा हटाना इत्यादि समस्त कार्य सम्बन्धित मेट्रो प्रशासन का उत्तरदायित्व होगा एवं उक्त के उपरान्त खाली भूमि पर वृक्षारोपण उ0प्र0 मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा कराया जायेगा।
5. कानपुर मेट्रो संचालन पर उ0प्र0 मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा विश्वविद्यालय का शताब्दी वर्ष पूर्ण होने की दशा में इसके गौरवशाली इतिहास का प्रचार–प्रसार ट्रेन तथा स्टेशनों पर किया जायेगा। साथ ही यदि भविष्य में विश्वविद्यालय के निकट मेट्रो स्टेशन स्थापित होता है तो उसका नामकरण विश्वविद्यालय के नाम पर किया जाय।
6. सम्बन्धित मेट्रो प्रशासन को अस्थाई रुप से दी गई विश्वविद्यालय की 06 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पर उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित किराये से प्राप्त होने वाली धनराशि का प्रयोग विश्वविद्यालय विकास कार्यों हेतु किया जायेगा।

**13.08.02 डा0 बिपिन कुमार त्रिपाठी, प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर एवं सम्प्रति निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के अग्रसारण के सम्बन्ध में।**

परिषद् डा0 त्रिपाठी के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव से संज्ञानित हुयी एवं उक्त पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

**(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)**
सचिव

**(प्रो0 एन0बी0 सिंह)**
अध्यक्ष



Scanned with CamScanner